# आकाशवाणी शिमला
## 07.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

**उच्च वेतनमान**

प्रदेश सरकार ने राज्य के कर्मचारियों को पूर्व भाजपा सरकार के समय दिए गए उच्च वेतनमान के निर्णय को वापस ले लिया है। वित्त विभाग ने कल इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। इस संबांध में प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन की अध्यक्षता में कल आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस संबंध में कर्मचारी संगठन 8 सितंबर को मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और प्रधान सविच वित्त से मिलकर इसका विरोध जताएंगे।

**भरमौर जनजीवन**

चंबा जिले में मणिमहेश यात्रा के दौरान फंसे लगभग 16 हज़ार यात्रियों को सुरक्षित चंबा पहुंचाने का चंबा जिला प्रशासन का बचाव अभियान कल संपन्न हो गया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि आज वायु सेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से 64 यात्रियों को चंबा पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान कुल 17 यात्रियों की मृत्यु हुई है जिनके शव चंबा पहुंचाए गए हैं।

**जीएसटी सुधार– माल परिवहन**

वस्तु व सेवाकर, जी.एस.टी. परिषद ने कुशल और नागरिक अनुकूल अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप 3 सितंबर को जी.एस.टी. दरों में संशोधन किया है। परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली के चार स्लैब को 5 और 18 प्रतिशत के दो स्लैब में बदलकर सरल बना दिया है। इन सुधारों ने कई क्षेत्रों में कर दरों को कम किया है। जी.एस.टी. में आम आदमी पर ध्यान केन्द्रित करते हुए सुधार किए गए हैं और ये 22 सितम्बर से लागू हो जाएंगे। वाणिज्यिक वाहनों में, ट्रक और डिलीवरी वैन जैसे मालवाहक वाहनों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। ट्रक भारत की आपूर्ति श्रृंखला की रीढ़ हैं और लगभग 65 से 70 प्रतिशत माल यातायात का वहन करते हैं।

**चंद्र ग्रहण**

आज पूर्ण चंद्र ग्रहण है। ये ग्रहण पूरे भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। चंद्रग्रहण आज रात आठ बजकर 58 मिनट से शुरू होकर कल तड़के सुबह दो बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगा। यह दुर्लभ खगोलीय घटना एक दशक में सबसे लंबे ग्रहणों में से एक होगी। इसकी अवधि 82 मिनट की होगी और चंद्र ग्रहण पाँच घंटे से अधिक समय तक रहेगा।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। जनजातीय जिला किन्नौर में मौसम साफ है। हालांकि चंबा व कुल्लू जिला में हल्की बारिश का समाचार है। प्रदेश में अगले कुछ दिनों में तेज मॉनसूनी बारिश से राहत मिलने की सम्भावना है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में बारह सितम्बर तक हल्की से सामान्य वर्षा होने की आशा है। इस मॉनसून के दौरान राज्य में भू–स्खलन की 135, अचानक बाढ़ की 95 और बादल फटने की 45 घटनाएं दर्ज हुई हैं। केवल लाहौल स्पीति में ही भू–स्खलन की 27 और अचानक बाढ़ की 56 घटनाएं हुई। मंडी जिला बादल फटने से सबसे अधिक प्रभावित रहा। राज्य के कई जिलों में प्रभावित जनजीवन को बहाली के प्रयास जारी हैं। प्रदेश में वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक 366 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 41 लोग लापता हैं। राज्य में तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 8 सौ 97 सड़कें अभी भी यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा एक हजार 4 सौ 97 बिजली ट्रांसफार्मर और 3 सौ 88 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं।

**<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से.....</u>**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला का शीर्षक है– **हिमाचल में 89 श्रेणियों के हजारों कर्मचारियों का नए सिरे से तय होगा वेतन।** पंजाब केसरी की सुर्खी है–**हायर ग्रेड–पे का फैसला वापस। विरोध में उतरे कर्मचारी, पैन डाउन स्ट्राइक की चेतावनी।**

दिव्य हिमाचल की एक खबर है– **हिमाचल को 4 हजार 79 करोड़ का नुकसान।**

हिमाचल दस्तक की एक खबर है– **पंचायती राज चुनावों को आरक्षण रोस्टर लागू करने के निर्देश।**